भाकृअनुप -सीफेट, लुधियाना में 03 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन

25 जनवरी, 2024 भाकृअनुप -केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, लुधियाना ने सीआरपी -एसए परियोजना 'जैव सक्रिय यौगिकों का निष्कर्षण और खेतों और कृषि-प्रसंस्करण उद्योगों के उप-उत्पादों में मूल्यवर्धन' के तहत 23 से 25 जनवरी, 2024 तक "प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण के माध्यम से फलों और उप-उत्पादों का मूल्यवर्धन" पर तीन दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंवला, अमरूद और किन्नू जैसे फलों के प्रसंस्करण से मुख्य उत्पाद प्राप्त करने के साथ-साथ उप-उत्पादों को द्वितीयक प्रसंस्करण के माध्यम से मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस ईडीपी कार्यक्रम में फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब जिले से दो महिलाओं सहित पांच लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. मंजू बाला, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ. दीपिका गोस्वामी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भाकृअनुप -सीफेट लुधियाना द्वारा किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि भाकृअनुप -सीफेट, लुधियाना और क्षेत्रीय स्टेशन, अबोहर की प्रसंस्करण सुविधाओं का उपयोग वे अपनी उद्यमशीलता गतिविधियों को शुरू करने और प्रसंस्करण में प्रवेश के लिए अनुभव प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं।

Entrepreneurship Development Programme
under CRP on SA Project
“Valorization of Fruits & by-Products Through
Primary and Secondary Processing”
23 - 25 January, 2024